# प्रदेश में प्रतिव्यक्ति आय में 4 गुना वृद्धि की तैयारी



नेशनल काउंसिल फार वोकेशनल एजुकेशन एंड ट्रेनिंग के चेयरमैन निर्मलजीत सिंह कल्सी ने गुरुवार को मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र के साथ बैठक की।

**योजना**

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** नेशनल काउंसिल फार वोकेशनल एजुकेशन एंड ट्रेनिंग (एनसीवीईटी) के चेयरमैन निर्मलजीत सिंह कल्सी ने गुरुवार को मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र से मुलाकात की और राज्य के बदलते औद्योगिक परिदृश्य पर चर्चा की। कल्सी ने वोकेशनल एजूकेशन की जरूरत पर बल दिया। मुख्य सचिव ने उन्हें बताया कि प्रदेश में प्रतिव्यक्ति आय में 4 गुना वृद्धि तथा श्रमशक्ति सहभागिता की दर में 33 से 50 फीसदी तक वृद्धि किये जाने की रणनीति अपनाई गई है।

क्षेत्रीय असमानताओं को दूर करने के लिए पूर्वांचल और बुन्देलखण्ड के विकास को बढ़ावा देने के लिए सकल घरेलू उत्पाद के सापेक्ष इन क्षेत्रों के लिए आवंटन में 20 फीसदी की वृद्धि की गई है। मुलाकात के दौरान कल्सी ने कहा कि अब ब्लूकॉलर जॉब से व्हाइट कॉलर जॉब और अब समय आगे बढ़ कर ब्राइट कॉलर जॉब तक पहुंचने का है, जिसके लिए व्यावसायिक शिक्षा के पाठ्यक्रमों में तकनीक को ध्यान में रखा जाना आवश्यक होगा।

## प्रत्येक वार्ड में कम से कम 1000 पेड़ लगाएं

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि 35 करोड़ पौध रोपण के लिए सभी विभाग अपने लक्ष्य के हिसाब से माइक्रो प्लान बना लें। ग्रामीण क्षेत्र में प्रत्येक राजस्व ग्राम व नगरीय क्षेत्र में प्रत्येक वार्ड में कम से कम 1000 पेड़ लगाए जाएं। मुख्य सचिव ने गुरुवार को वृक्षारोपण अभियान-2023 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 22 जुलाई से पूर्व चिन्हित स्थानों में गड्ढों की खुदाई और रोपित किए जाने वाले पौधे की प्रजाति व हितधारक के चयन की कार्यवाही प्रत्येक दशा में पूरा कर ली जाए।